दिन–बुधवार दिनांक– 13 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरि थाना क्षेत्र अन्तर्गत मकसूदपुर में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से चारपहिया वाहन सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। हादसे में दस लोग घायल हो गये, जिसमें पांच की स्थिति गम्भीर बतायी जाती है। पुलिस ने बताया कि चारपहिया वाहन सवार सभी लोग बारात से लौट रहे थे। घायलों का एसकेएमसीएच में इलाज चल रहा है। इधर, रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत गायघाट के पास एक अनियंत्रित पिकअप वैन के खाई में पलट जाने से चार महिलाओं की मौत हो गयी जबकि पन्द्रह अन्य घायल हो गये। सभी लोग पिकअप वैन से गुप्ताधाम जा रहे थे। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ, कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत कबीर मठ के पास एक बस और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पटना सिविल कोर्ट के पास एक ट्रांसफार्मर में हुये विस्फोट की घटना में एक अधिवक्ता की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य व्यक्ति गम्भ्भीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान सिविल कोर्ट के अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। घायलों का पीएमसीएच में इलाज चल रहा है। हादसे से आक्रोशित अधिवक्ता सिविल कोर्ट परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं।

समस्तीपुर रेल मंडल के अन्तर्गत भगवानपुर देसुआ स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण लगभग ढ़ाई घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा। रेलवे सूत्रों ने बताया कि जब मालगाड़ी जा रही थी, तभी सिग्नल में गड़बड़ी के कारण लोको पायलट ओवरलुक कर गया। इसके चलते मालगाड़ी भगवानपुर देसुआ स्टेशन के गेट संख्या– चौंतीस सी से टकरा गई। इधर, रेलवे ने दुर्घटना को देखते हुये समस्तीपुर–सहरसा रेलखंड पर चलने वाली एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया है।

असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम बिहार में ग्यारह लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी किशनगंज, कटिहार, अररिया, पूर्णियां, दरभंगा, भागलपुर, काराकाट, बक्सर, गया, मुजफ्फरपुर और उजियारपुर लोकसभा क्षेत्रों से अपनी दावेदारी पेश करेगी।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में नये नामांकन के लिए दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इसमें कहा गया है कि नामांकन के समय छात्रों के पास आधार कार्ड के अलावा जन्म प्रमाण पत्र, अस्पताल या मिड वाइफ पंजी अभिलेख, आंगनबाड़ी अभिलेख, अभिभावक या माता–पिता की तरफ से दिये गये घोषणा पत्र में से किसी एक का रहना अनिवार्य है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश निर्गत कर दिया है।

———————————————————————————

हस्तकरघा और बावनबूटी के कलाकार और पद्मश्री से सम्मानित कपिलदेव प्रसाद का आज बिहारशरीफ के बसवनबिगहा गांव में निधन हो गया। वे बहत्तर वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पिछले वर्ष उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया था। कपिलदेव प्रसाद के निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा शोक जताया है।

———————————————————————————

बेगूसराय के बछवाड़ा स्टेशन के पास रेल पुलिस ने मालगाड़ी के तीन कंटेनर से करोड़ों रूपये मूल्य की प्रतिबंधित कोडिन युक्त सीरप बरामद की है। पुलिस ने बताया कि यह मालगाड़ी गुजरात से त्रिपुरा जा रही थी। मामले की जांच की जा रही है।

———————————————————————————

सीवान के जीबी नगर के पंचमुहा पुल के पास पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार और मादक पदार्थ स्मैक के साथ–साथ लूट की राशि भी बरामद की गयी है।

———————————————————————————

ओडिशा के कटक स्थित जेएन इण्डोर स्टेडियम में खेले जा रहे खेलो इंडिया राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे बेगूसराय की ऊर्जा राय ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने तिहत्तर किलोग्राम भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है।

———————————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान तैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सीतामढ़ी जिले का पुपरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।